राज्य सभा

तारांकित प्रश्ना संख्या *107

04 मई, 2016 को उत्त*र के लिए

इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा

107* श्री डी. कुपेन्द्र रेड्डी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत विश्व में तीव्र गति से इस्पात का उत्पादन करने वाले देशों में से एक है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत में इस्पात का औसत उपयोग अन्य विकसित/विकासशील देशों की तुलना में कम है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) देश के इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात और खान मंत्री **(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) से (ङ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

***

“इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा” के बारे में श्री डी. कुपेन्द्र रेड्डी, संसद सदस्य, द्वारा राज्य सभा में दिनांक 04 मई 2016 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *107 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

(क) और (ख) : जी हां। भारत विश्व में इस्पात उत्पादन के मामले में सर्वाधिक आगे बढ़ते हुए देशों में से एक है। विगत तीन वर्षों में क्रूड इस्पात के उत्पादन की औसतन वृद्धि विश्व में समग्र रूप से 1.3 प्रतिशत और भारत में 5.3 प्रतिशत रही । विश्व इस्पात संघ (डब्ल्यूएसए) द्वारा जारी आंकड़े, जो कि कैलेंडर वर्ष आधार पर सूचित किए गए हैं, यह इंगित करते हैं कि भारत ने अपनी विश्व रैंकिंग में सुधार किया है और वर्ष 2015 के दौरान विश्व में क्रूड इस्पात का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है (ब्यौरे अनुलग्नक -1 में दिए गए हैं)।

(ग) और (घ): विश्व इस्पात संघ (डब्ल्यूएसए) द्वारा जारी किए गए आंकड़े यह इंगित करते हैं कि पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत विश्व में चीन और अमेरिका के बाद फिनिश्ड इस्पात का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्तान्रहा है। ब्यौरे अनुलग्नक-II में दिए गए हैं। वर्ष 2014 के दौरान भारत में पूर्ण फिनिश्ड इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत 59 किलोग्राम थी, जबकि इसकी तुलना में विश्व में प्रति व्यक्ति खपत 217 किलोग्राम थी। विकसित देशों में इस्पात की अधिक प्रति व्यक्ति खपत का मुख्य कारण विकासशील देशों की तुलना में इन देशों में अवसंरचना और औद्योगिक विकास का उच्च स्तर होना है।

(ङ): सरकार द्वारा देश के इस्पात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. सरकार ने विनिर्माण और अवसंरचना पर ध्यातन केन्द्रित करने के लिए “मेक इन इंडिया” पहल आरंभ की है , जिससे देश में इस्पात की मांग और खपत को प्रोत्साहित करने में सहायता मिलेगी।

ii. इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों ने इस्पानत का उत्पा“दन बढ़ाने के लिए अपने इस्पात संयंत्रों का विस्तार और आधुनिकीकरण किया है।

iii. यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल गुणवत्तापूर्ण इस्पात का ही उत्पादन और आयात हो, सरकार ने इस्पात और इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, दिनांक 12.03.2012 और 04.12.2015 अधिसूचित किए हैं।

iv. सरकार ने खनन पट्टे प्रदान किए जाने को सरल एवं कारगर बनाने के लिए खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम , 2015, अधिसूचित किया है ताकि इस्पात क्षेत्र समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता बनाई रखी जा सके।

v. घरेलू इस्पात उत्पादकों को समान अवसर प्रदान करने के लिए सरकार ने 173 इस्पात उत्पादों पर न्यूनतम आयात कीमत (एमआईपी) लगाई है।

***

अनुलग्ननक -I

(राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *107 दिनांक 04 मई 2016)

विश्व में क्रूड इस्पात के 10 शीर्ष उत्पादक: 2013, 2014, 2015								
2013			**2014**			**2015***		
रैंक	**देश**	**मात्रा (एमटी)**	**रैंक**	**देश**	**मात्रा (एमटी)**	**रैंक**	**देश**	**मात्रा (एमटी)**
1	चीन	822	1	चीन	822.69	1	चीन	803.83
2	जापान	110.6	2	जापान	110.66	2	जापान	105.2
3	यूएसए	87	3	यूएसए	88.17	3	भारत	89.60
4	भारत	81.30	4	भारत	87.29	4	यूएसए	78.92
5	रूस	69.0	5	दक्षिण कोरिया	71.54	5	रूस	71.11
6	दक्षिण कोरिया	66.1	6	रूस	71.46	6	दक्षिण कोरिया	69.67
7	जर्मनी	42.6	7	जर्मनी	42.94	7	जर्मनी	42.67
8	तुर्की	34.7	8	तुर्की	34.03	8	ब्राज़ील	33.24
9	ब्राज़ील	34.2	9	ब्राज़ील	33.89	9	तुर्की	31.52
10	यूक्रेन	32.8	10	यूक्रेन	27.17	10	यूक्रेन	22.93
स्रोत: विश्व इस्पात संघ, *अनंतिम; एमटी=मिलियन टन								

अनुलग्नलक -II

(राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *107 दिनांक 04 मई 2016)

विश्व में फिनिश्ड इस्पात के 10 शीर्ष उपभोक्ता: 2013, 2014, 2015								
2013			**2014**			**2015***		
रैंक	**देश**	**मात्रा (एमटी)**	**रैंक**	**देश**	**मात्रा (एमटी)**	**रैंक**	**देश**	**मात्रा (एमटी)**
1	चीन	735	1	चीन	711	1	चीन	672
2	यूएसए	96	2	यूएसए	107	2	यूएसए	96
3	भारत	74	3	भारत	76	3	भारत	80
4	जापान	65	4	जापान	68	4	जापान	63
5	दक्षिण कोरिया	52	5	दक्षिण कोरिया	56	5	दक्षिण कोरिया	56
6	रूस	43	6	रूस	43	6	रूस	39.4
7	जर्मनी	38	7	जर्मनी	39	7	जर्मनी	39
8	तुर्की	31	8	तुर्की	31	8	तुर्की	34
9	ब्राज़ील	28	9	ब्राज़ील	26	9	मेक्सिको	24
10	इटली	22	10	इटली	22	10	ब्राज़ील	21
स्रोत: विश्व इस्पात संघ, *अनंतिम, एमटी: मिलियन टन								